वर्ष 25 अंक 81
पृष्ठ 16
बरेली, सोमवार
2 दिसंबर 2013
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप-2013 में छात्रों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

शोध कार्यों के लिए छात्रों को किया प्रेरित

बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रविवार को इंस्पायर इंटर्नशिप-2013 का समापन समारोह आयोजित हुआ। इसमें विद्यार्थियों को शोध के क्षेत्र से रूबरू कराया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश चंद पंत ने पृथ्वी के इतिहास पर प्रकाश डाला और इससे जुड़े हुए शोध के बारे में भी बताया। कहा, पृथ्वी 45 सौ मिलीयन वर्ष पुरानी है और आज भी कुछ विषय हैं जिनसे विज्ञान दूर है। एआरआइइएस नैनीताल के प्रोफेसर राम सागर ने एस्ट्रोनॉमी क्षेत्र में शोध करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके बाद डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ट्रस्ट के प्रशासक सुभाष मेहरा, इंस्पायर के समन्वयक रतीश अग्रवाल व प्राचार्य टीडी विष्ट मौजूद रहे।